दिनांकः 24.03.2026 समय : 18.30 पीएम

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया क्षेत्र में शांति बहाली के लिए संवाद और कूटनीति का समर्थन कियां
- सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में केवल हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म के अनुयायियों को ही अनुसूचित जाति का दर्जा पाने का पात्र बतायां
- राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने आज दसवीं, आठवीं और पांचवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम जारी किएं
- राज्य में स्वामित्व योजना के तहत अब तक 14 लाख 43 हजार 423 संपत्ति कार्ड वितरित किए जा चुके हैं

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया क्षेत्र में शांति बहाली के लिए संवाद और कूटनीति का समर्थन किया हैं आज राज्यसभा में, इस मुद्दे पर बयान देते हुए उन्होंने कहा कि भारत ने तनाव कम करने और होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने का मुद्दा उठाया हैं प्रधानमंत्री ने कहा कि पश्चिम एशिया में संघर्ष के बाद से उन्होंने खाड़ी देशों के नेताओं के साथ–साथ ईरान, इज़राइल और अमरीका के नेताओं से भी टेलीफोन पर बातचीत की हैं श्री मोदी ने कहा कि पश्चिम एशिया में चल रहा युद्ध तीन सप्ताह से अधिक समय से जारी है और इसने विश्व भर में गंभीर ऊर्जा संकट पैदा कर दिया हैं उन्होंने कहा कि भारत के लिए भी यह स्थिति चिंता का विषय हैं प्रधानमंत्री ने कहा कि देश को इसके असर से बचाने के लिए विभिन्न प्रयास किये जा रहे हैं

............

000

उच्चतम न्यायालय ने फैसला सुनाया है कि केवल हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म के अनुयायी ही अनुसूचित जाति का दर्जा पाने के पात्र हैं न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि किसी अन्य धर्म जैसे ईसाई धर्म अपनाने पर अनुसूचित जाति का दर्जा समाप्त हो जाता हैं

आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के एक आदेश को बरकरार रखते हुए न्यायमूर्ति पी. के. मिश्रा और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने यह निर्णय दियां पीठ ने कहा कि ईसाई धर्म अपनाने वाला व्यक्ति अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत संरक्षण का दावा नहीं कर सकतां न्यायालय ने कहा कि संविधान के वर्ष 1950 के आदेश के तहत यह नियम लागू हैं इसके अनुसार हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म के अलावा किसी अन्य धर्म का पालन करने पर व्यक्ति अनुसूचित जाति का सदस्य होने की योग्यता खो देता हैं

000

सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया है कि सेना, नौसेना और वायु सेना में शॉर्ट सर्विस कमीशन प्राप्त वे महिला अधिकारी अब पूर्ण पेंशन लाभ की हकदार होंगी, जिन्हें मनमानी मूल्यांकन प्रक्रिया के कारण स्थायी कमीशन से वंचित रखा गया था, मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुयान और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की अध्यक्षता वाली पीठ ने फैसला सुनाया है कि इन अधिकारियों को पेंशन पात्रता के लिए आवश्यक 20 वर्ष की सेवा पूरी कर चुकी माना जाएगा, भले ही उन्हें पहले ही सेवामुक्त कर दिया गया हों

000

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने आज दसवीं, आठवीं और पांचवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम जारी किए हैं शिक्षा मंत्री मदन दिलावर और बोर्ड प्रशासक शक्ति सिंह राठौड़ ने अजमेर में यह परिणाम घोषित किएं दसवीं कक्षा का परिणाम 94.23 प्रतिशत, आठवीं का 87.01 प्रतिशत और पांचवीं का 97.75 प्रतिशत रहा हैं बोर्ड ने दसवीं का परिणाम पहली बार मार्च महीने में घोषित किया हैं राज्य

सरकार के एक अप्रैल से नया सत्र शुरू करने के निर्णय के कारण यह कदम उठाया गया हैं दसवीं की परीक्षा में 10 लाख 68 हजार, आठवीं में 12 लाख 86 हजार और पांचवीं में 13 लाख 68 हजार विद्यार्थी पंजीकृत थें

अगले सत्र से परीक्षाओं में दो अवसरों में से बेहतर परिणाम चुनने का नियम लागू होगां इसके तहत दसवीं की परीक्षाएं साल में दो बार फरवरी और मई में होंगीं और ब्यौरा हमारी अजमेर संवाददाता से –

...............

000

सहकारिता राज्य मंत्री गौतम कुमार दक ने आज जयपुर में राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम के क्षेत्रीय उत्कृष्टता और श्रेष्ठता पुरस्कार–2025 प्रदान किएं उन्होंने अलग–अलग श्रेणियों में काम करने वाली सहकारी समितियों को यह पुरस्कार दिएं इस अवसर पर श्री दक ने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य में सहकारिता क्षेत्र की भागीदारी रहेगीं उन्होंने बताया कि अक्टूबर में आयोजित सदस्यता अभियान के दौरान सहकारी समितियों में नौ लाख सदस्य बनाए गएं

000

राजस्थान में स्वामित्व योजना के तहत अब तक 14 लाख 43 हजार 423 संपत्ति कार्ड वितरित किए जा चुके हैं केंद्रीय पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह ने आज लोकसभा में एक प्रश्न के उत्तर में यह जानकारी दीं उन्होंने बताया कि राज्य के लक्षित 36 हजार 300 गांवों में से 35 हजार 932 गांवों में ड्रोन के जरिए सर्वेक्षण का काम पूरा हो चुका हैं प्रदेश में अब तक कुल 14 लाख 80 हजार 978 संपत्ति कार्ड तैयार किए गए हैं

000

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि केंद्र सरकार के लगातार प्रयासों के कारण देश में किसानों की आय में उल्लेखनीय बढोतरी हुई हैं आज लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए श्री चौहान ने किसानों की आय के बारे में जानकारी दीं

..................

000

रेल्वे ने टिकट निरस्तीकरण के नये नियम जारी किये हैं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज नई दिल्ली में बताया कि नए नियमों के अनुसार, रेलगाड़ी के प्रस्थान से 72 घंटे पहले टिकट रद्द करने पर न्यूनतम शुल्क लिया जाएगां 72 से 24 घंटे के बीच टिकट रद्द करने पर किराए का 25 प्रतिशत शुल्क देना होगां प्रस्थान से 24 से 8 घंटे पहले तक 50 प्रतिशत धन वापसी दी जाएगी, जबकि 8 घंटे से कम समय रहने पर कोई राशि वापस नहीं मिलेगीं अब देशभर के किसी भी रेलवे काउंटर पर टिकट रद्द किए जा सकेंगें रेल मंत्री ने बताया कि अब यात्री ट्रेन के प्रस्थान से 30 मिनट पहले तक अपनी यात्रा शुरू करने का स्टेशन बदल सकेंगें

................

000

आज विश्व क्षय रोग दिवस मनाया जा रहा हैं इस अवसर पर प्रदेशभर में कार्यक्रम आयोजित किए गएं सवाईमाधोपुर में जिला कलेक्टर कानाराम ने आयुष्मान आरोग्य शिविरों का शुभारंभ कियां इन शिविरों में पोर्टेबल एक्स–रे मशीनों के जरिए मरीजों का एक्स–रे कर उनका उपचार किया जा रहा हैं जिले में केंद्रीय संचार ब्यूरो की ओर से क्षय रोग के लक्षणों और रोकथाम की जानकारी देने के लिए महिला संगोष्ठी और प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम रखा गयां वहीं डीग जिले में आज से 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान शुरू हुआं जिला कलेक्टर उत्सव कौशल ने जागरुकता रैली को रवाना कियां मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी विजय सिंघल ने बताया कि अगले 100 दिनों तक चिन्हित क्षेत्रों में स्क्रीनिंग कर मरीजों का उपचार किया जाएगां इसका लक्ष्य वर्ष 2030 तक देश को क्षय रोग मुक्त बनाना हैं

000

हनुमानगढ़ के संगरिया स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में आज 'किसान सारथी टू प्वाइंट ओ' पोर्टल के बारे में जागरूकता कार्यशाला रखी गईं कृषि तकनीकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान, जोधपुर के निदेशक डॉ. जे.पी. मिश्रा ने कार्यक्रम की शुरुआत कीं उन्होंने बताया कि यह पोर्टल भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और इलेक्ट्रॉनिक्स तथा सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सहयोग से संचालित हैं

उन्होंने कहां कि इस माध्यम से किसान मोबाइल एप, इंटरनेट पोर्टल या फोन कॉल सेवा के जरिए अपनी फसल, पशुपालन और बागवानी से जुड़ी समस्याओं का समाधान प्राप्त कर सकते हैं

.....................

000

भीलवाड़ा जिले में आज एक बस और कार की टक्कर में एक बालिका की मृत्यु हो गई और सैंतीस लोग घायल हो गएं यह दुर्घटना भीलवाड़ा–शाहपुरा मार्ग पर रायपुर चौराहे के पास हुई सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुँचें सभी घायलों को शाहपुरा जिला अस्पताल पहुँचाया गया, जहाँ से पाँच व्यक्तियों को भीलवाड़ा रेफर किया गया हैं मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि घायलों के उपचार के लिए अतिरिक्त स्टाफ तैनात किया गया हैं

000